an>

Title: Need to enhance the minimum pension under Employees' Pension Scheme -laid.

श्री राम कृपाल यादव (पाटलिपुत्र): मैं सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ कि कर्मचारी पेंशन स्कीमईपीएस) के तहत मिलने वाली वर्तमान) न्यूनतम राशि1000 रुपये हैं जो वर्तमान परिस्थिति और कालखंड के अनुसार काफी कम है । निरंतर बढ़ती महंगाई तथा आधारभूत वस्तुओं की कीमतों में हो रही लगातार वृद्धि के कारण 1000 रुपये की राशि बहुत ही छोटी एवं असमर्थ लगती है । वर्तमान वैश्विक महामारी ने इस संकट को और अधिक असहनीय बना दिया है तथा 1000 रुपये की राशि की क्रयशक्ति को संकुचित कर दिया है ।

उपरोक्त परिस्थिति को मद्देनजर में रखते हुए इस राशि को तत्काल बढ़ाकर 3000 रुपये प्रतिमाह कर दी जाए । जैसा कि आपको ज्ञात होगा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ईपीएफओ) के सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टी ने)2019 में न्यूनतम राशि में वृद्धि की सिफारिश की थी । इसके पश्चात संसद की स्थायी समिति की ओर से भी न्यूनतम राशि में वृद्धि के लिए श्रम मंत्रालय को निर्देश दिए गए थे । किंतु आज तक इस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है । अतः केंद्र सरकार से नम्र निवेदन है कि व्यापक जनकल्याण को ध्यान में रखते हुए- उपर्युक्त राशि कोबढ़ाकर 3000 रुपये न्यूनतम तत्काल प्रभाव से क्रियान्वित कर दिया जाना चाहिए ।